RNI Title Code : MPBIL02445

# सेवा मंथन

वर्ष 2 अंक 12 ( पाक्षिक ) इन्दौर, 16 से 30 जून 2022 पृष्ठ 8 मूल्य 10 रुपये

## मोदी सरकार के कामों का मुरीद हुआ अमेरिका

# भारतीय अर्थव्यवस्था का अच्छा प्रदर्शन वैक्सीनेशन ड्राइव भी काबिल-ए-तारीफ



**नई दिल्ली। पहले कोरोना महामारी की भीषण तबाही फिर युद्ध के माहौल का प्रभाव देश-दुनिया पर अपना असर डालता रहा है। लेकिन सारी कवायदों के बीच भारत ने इंडिया फर्स्ट वाली नीति पर ही अपना पूरा ध्यान केंद्रित रखा। जिसने खुद को सुपर पावर मुल्क समझने वाले देश के मुंह से भी प्रशंसा पाने का काम किया है। अमेरिकी कांग्रेस की तरफ से वहां की संसद को एक रिपोर्ट सौंपी गई, जिसमें भारत की शान में कसीदे पढ़े गए हैं।**

संयुक्त राज्य अमेरिका की संघीय सरकार के वित्त विभाग यानी यूएस ट्रेजरी ने 10 जून को अमेरिकी कांग्रेस को बताया कि कैसे कोविड-19 के प्रकोप के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जोरदार वापसी की। यूएस ट्रेजरी ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत की दूसरी लहर ने 2021 के मध्य तक विकास पर भारी प्रभाव डाला, जिससे इसकी आर्थिक सुधार में देरी हुई। भारत के टीकाकरण अभियान की प्रशंसा करते हुए अमेरिकी रिपोर्ट ने बताया कि भारत के टीकाकरण रोलआउट में तेजी आने के साथ ही वर्ष की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों ने जोरदार वापसी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की लगभग 44 प्रतिशत आबादी को 2021 के अंत तक पूरी तरह से टीका लग गया, जो दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम हो सकता है।

**मजबूत आर्थिक रफ्तार-**कोरोना काल से उबरने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से रफ्तार पकड़ रही है। अब भारत की इकोनॉमी दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत की आर्थिक सुधार की सराहना करते हुए यूएस ट्रेजरी रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 में सात प्रतिशत रहने के बावजूद 2021-22 में 8.7 देश में जीडीपी की ग्रोथ रेट रही है। पिछले साल यानी वर्ष 2020-21 की तुलना में 2021-22 में जीडीपी ग्रोथ बेहतर हुई है।

**अर्थव्यवस्था को वित्तीय सहायता-**रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कैसे भारत सरकार के राजकोषीय प्रोत्साहन ने 2021 में महामारी की पृष्ठभूमि के खिलाफ अर्थव्यवस्था की मदद की। अमेरिकी ट्रेजरी ने कहा कि अधिकारियों का अनुमान है कि 2022 वित्तीय वर्ष के लिए कुल राजकोषीय घाटा जीडीपी के 6.9 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा, जो कि महामारी से पहले घाटे से अधिक है।

**कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम-**अमेरिकी रिपोर्ट में भारत की टीकाकरण नीति के प्रयासों की भी सराहना की गई है। इस बारे में मंत्रालय की ओर से बताया गया है कि साल की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों ने जोरदार वापसी की और वैक्सीनेशन कार्यक्रम ने रफ्तार पकड़ी। साल 2021 के अंत तक विशाल आबादी वाले भारत के 44 फीसदी लोगों का वैक्सीनेश हो चुका था।



## सिगरेट पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखना अनिवार्य, कनाडा दुनिया का बनेगा पहला देश

**टोरंटो।** कनाडा दुनिया का पहला ऐसा देश बनने जा रहा है, जहां प्रत्येक सिगरेट पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखना अनिवार्य होगा। इसके पहले देश में तंबाकू उत्पादों की पैकिंग पर चेतावनी के रूप में एक ग्राफिक चित्र लगाने की नीति लागू की गई थी। दो दशक पहले शुरू की गई नीति को दुनियाभर में अपनाया गया है। कनाडा सरकार में मंत्री कैरोलिन बेनेट ने कहा, हमें उन चिंताओं को दूर करना है कि इन संदेशों का प्रभाव कम हो गया है। हर तंबाकू उत्पाद पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखने से सुनिश्चित किया जा सकेगा, जिसमें वे युवा भी शामिल हैं, जो एक बार में एक सिगरेट लेते हैं और पैकेट पर लिखी चेतावनी नहीं देख पाते। इस प्रस्ताव पर शनिवार से चर्चा होगी और सरकार को लगता है कि 2023 के अंत तक यह नियम लागू किया जा सकेगा। बेनेट ने बताया कि प्रत्येक सिगरेट पर हर कश में जहर है, संदेश लिखने का प्रस्ताव है। हालांकि, इसमें बदलाव भी किया जा सकता है।

## भारत-चीन सीमा से 14 दिनों से लापता सेना का जवान, केंद्रीय मंत्री को भेजी गई सूचना

**नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा पर तैनात देहरादून का निवासी पिछले 14 दिनों से लापता है। प्रकाश सिंह राणा की 29 मई को लापता होने की सूचना मिली थी। सेना के अधिकारियों ने राणा की पत्नी को फोन पर सूचित किया था। रुद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ के रहने वाले राणा अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा पर एक थकी हुई चौकी पर तैनात 7वीं गढ़वाल राइफल्स के जवान थे।**

**केंद्रीय मंत्री को भेजी गई लापता सिपाही की सूचना-**राणा पिछले 14 दिनों से लापता है, जिससे उसकी पत्नी ममता और दो बच्चों अनुज (10) और अनामिका (7) सहित पूरा परिवार चिंतित है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर शुक्रवार को सैनिक कॉलोनी स्थित राणा के घर पहुंचे और उनके परिवार से मुलाकात की। पुंडीर ने कहा, 'मैंने इस बारे में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से बात की है और उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि मैं राणा की तलाश करूंगा।' पुंडीर ने यह भी कहा कि लापता जवान की जानकारी केंद्रीय मंत्री को भेज दी गई है। अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा पर तैनात देहरादून का निवासी पिछले 14 दिनों से लापता है। प्रकाश सिंह राणा की 29 मई को लापता होने की सूचना मिली थी। सेना के अधिकारियों ने राणा की पत्नी को फोन पर सूचित किया था। रुद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ के रहने वाले राणा अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा पर एक थकी हुई चौकी पर तैनात 7वीं गढ़वाल



राइफल्स के जवान थे।

**केंद्रीय मंत्री को भेजी गई लापता सिपाही की सूचना-**राणा पिछले 14 दिनों से लापता है, जिससे उसकी पत्नी ममता और दो बच्चों अनुज (10) और अनामिका (7) सहित पूरा परिवार चिंतित है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर शुक्रवार को सैनिक कॉलोनी स्थित राणा के घर पहुंचे और उनके परिवार से मुलाकात की। पुंडीर ने कहा, 'मैंने इस बारे में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से बात की है और उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि मैं राणा की तलाश करूंगा।' पुंडीर ने यह भी कहा कि लापता जवान की जानकारी केंद्रीय मंत्री को भेज दी गई है।

## राजधानी में गरीब ही नहीं, अमीर भी चुरा रहे बिजली



**भोपाल।** राजधानी में गरीब ही नहीं है, अमीर भी बिजली की चोरी में पीछे नहीं है। बिजली चोरी के 558 प्रकरणों में से आधे सम्पन्न परिवारों के घर के हैं। मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी के शहर वृत्त ने इन बिजली चोरों को पकड़ा है। यह कार्रवाई एक से 10 जून के बीच की है। बिजली कंपनी ने बिजली चोरी करने वालों को सख्त चेतावनी दी है, जिसमें कहा है कि मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करते पाए गए तो शासकीय संपत्ती से छेड़छाड़ का केस बनाया जाएगा। इस तरह के प्रकरणों में जेल व जुर्माना दोनों के प्रविधान हैं। शहर में बिजली चोरी करने वाले जिन 558 लोगों को पकड़ा गया है, उन्होंने एक अनुमान के मुताबिक 50 लाख रुपये की बिजली चोरी कर जलाई है। बिजली कंपनी ने इन पर 1.30 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि ये नियमानुसार कनेक्शन लेकर बिजली जलाते तो 50 लाख रुपये चुकाने पड़ते, अब इन्हें 1.30 करोड़ रुपये चुकाने होंगे।

## नेपाल ने भारत को 364 मेगावाट बिजली देना शुरू किया

**काठमांडू।** नेपाल ने अपने बिजली एक्सचेंज बाजार के जरिए भारत को कुल स्वीकृत 364 मेगावाट बिजली देना शुरू कर दिया है। नेपाल सरकार के स्वामित्व वाले निकाय नेपाल बिजली प्राधिकरण (एनईए) के अनुसार, इस साल अच्छी बारिश होने से नेपाल लगातार दूसरे वर्ष अपने बिजली एक्सचेंज बाजार के माध्यम से भारत को अधिशेष बिजली का निर्यात कर रहा है। एनईए के उप प्रबंध निदेशक प्रदीप थिके ने बताया कि त्रिशूली और देवीघाट जलविद्युत परियोजनाओं से 37.7 मेगावाट, कालीगंडकी जलविद्युत परियोजना से 140 मेगावाट, मध्य मर्सियांगडी से 68 मेगावाट, मर्सियांगडी से 67 मेगावाट और लिखु-4 से 51 मेगावाट की बिक्री भारत को की जा रही है। एनईए ने गत दो जून को त्रिशूली और देवीघाट से पैदा हुई उत्पन्न बिजली की बिक्री शुरू की थी।

# गिरफ्तारी काफी नहीं, अपराधियों को कठोरतम दंड देंगे : सीएम

**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने घायल महिला से भेंट कर सौंपी प्रोत्साहन राशि**

**-सुबह सबेरे बुलाई आला अफसरों की बैठक**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महिलाओं के विरूद्ध अपराध घटित करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। कल भोपाल में हुई घटना के संबंध में पुलिस कमिश्नर भोपाल को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रविवार को सुबह मुख्यमंत्री निवास पर आला अफसरों की बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शिवाजी नगर स्थित श्रीमती सीमा के निवास पर उनसे भेंट कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। शनिवार को एक घटना में श्रीमती सीमा पर कुछ बदमाशों द्वारा ब्लेड से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने घायल महिला को एक लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की।

**सराहनीय है सीमा का साहस-**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्रीमती सीमा का साहस सराहनीय है। उन्होंने बदमाशों की आपत्तिजनक और अश्लील हरकत का हिम्मत से मुकाबला किया। श्रीमती सीमा का उपचार राज्य शासन द्वारा करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अन्याय का प्रतिकार करना अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का काम है।

घटना का प्रतिरोध करने वाली सीमा अन्य महिलाओं के लिए प्रेरक भी है। मुख्यमंत्री ने श्रीमती सीमा के बेटा और बेटी, जो भोपाल में पढ़ते हैं, के सहयोग के लिए भी कलेक्टर भोपाल को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि घटना के आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके हैं। उनके विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई के निर्देश पुलिस कमिश्नर भोपाल और अन्य अधिकारियों को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रीमती सीमा के पति और अन्य परिजन से भी बातचीत की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि घटना में तीन अपराधी शामिल हैं। उन्होंने भयानक अपराध किया है। मुख्य अपराधी ऑटो चलाने का कार्य करता है। वह कुछ दिन पूर्व ही जेल से छूट कर आया है। उसे गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही उसके वाहन का लायसेंस रद्द कर दिया गया है। श्रीमती सीमा ने साहस का काम किया है। मैं उसे प्रणाम करता हूँ और बधाई देता हूँ। वे अन्याय और हिंसा के खिलाफ प्रेरणा बन कर सामने आई हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि डॉक्टरों से विचार-विमर्श कर श्रीमती सीमा की प्लास्टिक सर्जरी भी करवाई जाएगी।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैठक में दी सख्त हिदायतें-**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इसके पहले आज सुबह मुख्यमंत्री निवास में आला अफसरों की बैठक बुलाकर कल राजधानी में हुई हिंसा की इस घटना पर चिंता और दुःख व्यक्त किया।

उन्होंने अप्रसन्नता के स्वर में कहा कि इस घटना से मैं बहुत अपसेट हूँ। महिलाओं के विरूध छेड़खानी की घटनाएँ हिंसा का स्वरूप लेंगी, यह अकल्पनीय है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुलिस कमिश्नर भोपाल श्री मकरंद देऊस्कर को निर्देश दिए कि महिलाओं के सम्मान पर आँच पहुँचाने वाले अपराधिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बखशा नहीं जाए। उनके विरूद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्हें जिला बदर भी करना पड़े तो प्रकरण तैयार कर तेजी से क्रियान्वित किया जाए। ऐसे जघन्य अपराधियों को सिर्फ कारावास में भेजने से काम नहीं चलेगा।

आवश्यक धाराओं में और अधिक कठोर कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री मनीष रस्तोगी, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय श्री योगेश चौधरी, कमिश्नर भोपाल श्री गुलशन बामरा और कलेक्टर भोपाल श्री अविनाश लवानिया उपस्थित थे।




# रेलवे चलाएगा अभ्यर्थियों के लिए सात परीक्षा विशेष ट्रेनें

**भोपाल।** रेलवे अभ्यर्थियों के लिए सात परीक्षा विशेष ट्रेनें चलाने जा रहा है। ये सभी ट्रेनें भोपाल रेलवे स्टेशन से होकर गुजरेंगी। इन ट्रेनों में सफर करने के लिए रेलवे स्टेशन के कांउटरों से टिकट खरीद सकते हैं। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जाकर आनलाइन टिकट भी खरीदे जा सकते हैं। मालूम हो कि रेलवे गैर तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित करवा रहा है। जिसमें शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को भीड़ में परेशान न होना पड़े, इसलिए सात परीक्षा विशेष ट्रेनें चलाई जांएगी। रेलवे अभ्यर्थियों के लिए जो ट्रेनें चलाने जा रहा है उनमें ट्रेन 02193 राजकोट-रीवा परीक्षा विशेष ट्रेन 12 जून (रविवार) को राजकोट स्टेशन से रात 11:05 बजे चलकर, दोपहर 2.10 बजे भोपाल और रात 11.25 बजे रीवा पहुंचेगी।ट्रेन 01662 भोपाल-दुर्ग परीक्षा विशेष 15 जून (बुधवार) को भोपाल स्टेशन से तड़के 4.15 बजे चलकर रात 9.15 बजे दुर्ग पहुंचेगी। ट्रेन 01661 दुर्ग-भोपाल परीक्षा विशेष 17 जून (शुक्रवार) को दुर्ग स्टेशन से रात 10 बजे चलकर दोपहर 3:50 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन 01701 जबलपुर-नांदेड परीक्षा विशेष 14 जून (मंगलवार) को जबलपुर से शाम चार बजे चलकर बीना, विदिशा के रास्ते रात 11.35 बजे भोपाल और तीसरे दिन शाम 4.05 बजे नांदेड़ पहुंचेगी। ट्रेन 01702 नांदेड-जबलपुर परीक्षा विशेष ट्रेन 17 जून (शुक्रवार) को नांदेड स्टेशन से रात 9:30 बजे चलकर, भुसावल, खंडवा, इटारसी के रास्ते दोपहर 2.50 बजे भोपाल और रात 11:15 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन 01706 अहमदाबाद-जबलपुर परीक्षा विशेष 16 जून (गुरुवार) को अहमदाबाद स्टेशन से शाम 7.30 बजे चलकर, छायापुरी, रतलाम, उज्जैन, के रास्ते सुबह 8.18 बजे संत हिरदाराम नगर और शाम 4.30 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी।। ट्रेन 01705 जबलपुर-अहमदाबाद परीक्षा विशेष ट्रेन 13 जून (सोमवार) को जबलपुर स्टेशन से रात 11.50 बजे चलकर, अगले दिन कटनी मुड़वारा, सागर, बीना के रास्ते सुबह 8.38 बजे संत हिरदाराम नगर और रात 8.10 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

# इंदौर के सभी थानों और टीआई के कमरों में लगेंगे कैमरे, आवाज भी होगी रिकार्ड



**इंदौर।** पुलिसकर्मियों पर लेनदेन, अवैध रूप से बैठाने के आरोप लगने के बाद पुलिस मुख्यालय ने अहम कदम उठाया है। थाना, हवालात और टीआई के केबिन में सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी कर ली है। हाईटेक कैमरों में आवाज भी रिकार्ड होगी। कैमरे तो पहले भी लगाए थे लेकिन पुलिस अफसर मनमर्जी से इन्हें बंद-चालू कर अफसरों को गुमराह कर देते थे।

डीसीपी (इंटेलिजेंस एवं आसूचना) रजत सकलेचा के मुताबिक आयुक्त प्रणाली के बाद ही थानों को हाईटेक करने का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेजा गया था। इसमें थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का मुख्य उद्देश था। प्रस्ताव स्वीकृत करने के बाद मुख्यालय ने 550 सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध करवा दिए हैं। प्रत्येक थाने में हवालात, परिसर, कमरों को मिलाकर करीब 12 कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों में आडिया रिकार्डिंग की सुविधा भी रहेगी।

**अवैध रूप से हिरासत में नहीं रख रखेंगे -** थाना प्रभारियों पर अभी तक लोगों को अवैध रूप से हिरासत में लेकर उनसे अवैध वसूली करने के आरोप लगते रहते हैं। कोर्ट व आवेदकों द्वारा सीसीटीवी फुटेज की मांग करने पर थाना प्रभारी कैमरे बंद होने का बहाना बना देते हैं। लेकिन अब कैमरों की कंट्रोल रूम से मानिटरिंग होगी। कैमरों में आवाज का रिकार्ड होना अहम सुबूत होगा।

**गाड़ियों पर लगे कैमरे हो गए बंद-**पुलिस मुख्यालय ने पिछले दिनों थानों की गाड़ियों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। अफसरों का मकसद था कि जब भी धरना प्रदर्शन, दंगा, विवाद या कोई आंदोलन हो तो थाने की मोबाइल मौके पर पहुंचे और रिकार्डिंग शुरू कर दे। लेकिन कुछ ही समय में ही थानों की गाड़ियों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खराब हो गए। कई गाड़ियों से थाना प्रभारियों ने ही कैमरे निकाल कर फेंक दिए।

# प्री मानसून आने से झमाझम हुई पहली बारिश

**इंदौर।** इंदौर के कई इलाकों में रात आठ बजे एकाएक मौसम बदला और तेज बारिश का दौर शुरू हो गया जो देर रात तक चलता रहा। इंदौर में देर रात तक बारिश हुई। शनिवार को इस सीजन में पहली बार बादल मेहरबान हुए और इंदौर में प्री मानसून की बारिश हुई। सुबह तेज गर्मी का अहसास हुआ, वहीं दोपहर तीन बजे बाद तेज हवा चलने लगी।मुंबई में शनिवार को मानसून पहुंच चुका है। ऐसे में 18 से 20 जून तक मानसून के इंदौर पहुंचने की संभावना है। मालूम हो कि बारिश के दौरान शहर की सड़कों पर पानी भर गया। कई इलाकों में पेड़ गिरने की शिकायतें भी मिली। वहीं पहली बारिश में ही इंदौर के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई थी। मौसम की पहली बारिश के साथ पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्री-मानसून मेंटेनेंस की भी पोल खुल गई। शनिवार शाम बारिश का दौर शुरू होने के साथ इंदौर की कम से कम सवा सौ कालोनियों और मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली जाने के बाद परेशान उपभोक्ताओं की शिकायतें भी दर्ज नहीं हो सकी। बिजली वितरण के साथ काल सेंटर की सेवा भी ठप पड़ गई।



# झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर इंदौर में बनेगी मानव श्रृंखला

**इंदौर।** क्रांतिकारी वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर यंग इंडिया क्लब द्वारा इस वर्ष भी 18 जून को सुबह 9.30 बजे किला मैदान स्थित प्रतिमा स्थल पर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। इस दौरान शहीदों के स्वजन एवं स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों व खेलकूद में अव्वल खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरण भी किया जाएगा। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दुग्धाभिषेक करेंगे।



क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल व डा. निर्मल महाजन ने बताया कि लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों से लोहा लेने वाले रामप्रसाद दुबे के स्वजन, उमरावमल सेठिया की उत्तराधिकारी ममता रांका एवं चेरी भंडारी, जगन्नाथ वर्मा के सुपुत्र ओम वर्मा का सम्मान किया जाएगा। श्रद्धा सुमन सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष मोहनलाल सोनी व शहर के चुनिंदा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को भी रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड से अलंकृत किया जाएगा। इनमें आल इंडिया यूनिवर्सिटी पावर लिफ्टिंग में पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता सरगम चौहान, रांची, झारखंड में वर्ष 2022 में कुश्ती में कांस्य पदक विजेता आनंद यादव, वाणिज्यिक कर विभाग की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक जीतने वाले मप्र टीम के कप्तान विपिन जोशी, हैंडबाल में मप्र टीम को वर्ष 2021 में कांस्य पदक दिलाने वाले केशव खत्री जैसी प्रतिभाएं भी शामिल हैं।

देशभक्ति के तराने भी गूंजेंगे - इस मौके पर देशभक्ति के तरानों की गूंज के बीच मानव श्रृंखला बनाई जाएगी और जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम हंसदास मठ के महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास, पंचकुइया राम मंदिर के स्वामी लक्ष्मणदास, अखंड धाम के महामंडलेश्वर स्वामी चेतनस्वरूप, महामंडलेश्वर रामगोपाल दास, हंसदास मठ के पं. पवनदास शर्मा के मुख्य आतिथ्य में होगा।

इस अवसर पर कवि पं. सत्यनारायण सत्तन, पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, जीतू पटवारी, महिला कांग्रेस की पर्व अध्यक्ष अर्चना जायसवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, विधायक संजय शुक्ला एवं विशाल पटेल तथा प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी एवं तपेन्द्र सुगंधी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहेंगे।



## नगर केन्द्रों पर भाजपा करेगी सम्मेलन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय पं. दीनदयाल परिसर में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी एवं प्रदेश महामंत्री व स्थानीय निकाय चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक भगवानदास सबनानी ने नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में चर्चा की। बैठक में दो चरणो मे होने वाले नगरीय निकाय चुनाव मे पार्टी द्वारा होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। चुनाव में नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद केन्द्रो पर होने वाले सम्मेलन की तैयारियों पर विचार विमर्श हुआ। समिति के संयोजक भगवानदास सबनानी ने बताया कि प्रदेश स्तरीय स्थानीय निकाय चुनाव प्रबंधन समिति की तरह जिले में प्रबंध समिति गठित की जा रही है।

## इंदौर में खुला तीसरा महिला मैकेनिक गैरेज,तकनीकी रोजगार से जुड़ी महिलाएं

**इंदौर।** इंदौर के हवा बंगला क्षेत्र के विदुर नगर में इंदौर के तीसरे महिला मैकेनिक गैरेज की शुरुआत हुई। समान सोसायटी द्वारा महिलाओं को मैकेनिक रोजगार में लाने के परिणामस्वरूप अब तक दो महिला मैकेनिक गैरेज स्थापित हैं जो शहर के पालदा एवं पीपल्याहाना क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। समान सोसायटी द्वारा टायर कंपनी ब्रिजस्टोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से तीसरा गैरेज स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि समान सोसायटी द्वारा पिछले सात वर्षों से इंदौर में महिलाओं को तकनीकी रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप इंदौर को देश का पहला महिला मैकेनिक गैरेज की स्थापना का गौरव हासिल हुआ है। संस्था के निदेशक राजेंद्र बंधु के अनुसार यंत्रिका सर्विस सेंटर के नाम से स्थापित यह गैरेज महिला मैकेनिक ही संचालित करेंगी। यहां बाइक रिपेयर व्यवसाय के साथ ही आसपास के क्षेत्र की महिलाओं को मैकेनिक का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। संस्था द्वारा अगले एक वर्ष में इस क्षेत्र की 50 महिलाओं को मैकेनिक कौशल का प्रशिक्षण देकर विभिन्न कंपनियों के सर्विस सेंटर्स पर मैकेनिक के रूप में नौकरी दिलवाई जाएगी। जो महिलाएं स्वरोजगार की इच्छुक होंगी, उन्हें उसके लिए मदद दी जाएगी।



45 महिलाओं ने लिया प्रवेश - सर्विस सेंटर के उद्घाटन समारोह में ब्रिजस्टोन इंडिया प्रालि के प्लांट मैनेजर उदय वागड़े व कंपनी के सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर मधुसूदन मोरछले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समान सोसायटी का यह महिला मैकेनिक कार्यक्रम ब्रिजस्टोन इंडिया के सीएसआर पार्टनरशिप के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। विदुर नगर में स्थित सर्विस सेंटर में प्रशिक्षण के लिए 45 महिलाओं ने अब तक प्रवेश लिया है। ये महिलाएं विभिन्न बैचेस में आकर मैकेनिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। अभी तक गैरेज का तकनीकी काम पुरुषों का ही समझा जाता था, लेकिन अब संस्था इस काम में महिलाओं को भी आगे ला रही है, जिससे वे अपने पैर पर खड़ी हो सकें।

## आपरेशन मुस्कान में पुलिस कर रही बेहतरीन काम : गृह मंत्री डॉ. मिश्रा

**भोपाल।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आपरेशन मुस्कान में गुमशुदा बालिकाओं की बरामदगी में पुलिस के बेहतरीन कार्य की सराहना की है। उन्होंने बताया है कि जनवरी 2021 से 31 मार्च 2022 तक 15 माह में 6 हजार 100 गुम बालिकाओं को मुक्त कराया जाकर परिजन को सौंपा गया है। पुलिस द्वारा गुमशुदा बालिकाओं को ढूंढ निकालने के लिये तीसरी बार आपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है।गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने बताया है कि मध्यप्रदेश पुलिस संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। पुलिस तंत्र को जनोन्मुखी बनाने के लिये प्रतिबद्ध सरकार ने 42 जिलों में नये महिला पुलिस थाने खोले हैं। प्रदेश के 52 जिलों में 52 मानव दुर्व्यापार निरोधी इकाइयाँ और 700 ऊर्जा-महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने बताया है कि 6 जनवरी से 31 जनवरी 2021 तक की अवधि में चलाये गये पहले आपरेशन मुस्कान में 2 हजार 444 बालिकाओं को ढूंढ निकाला गया। दूसरी बार आपरेशन मुस्कान 15 जुलाई 2021 से 31 अगस्त 2021 तक चलाया गया, इस अवधि में एक हजार 958 बालिकाओं को मुक्त कराया गया।



# बीएड-एमएड की आवंटन सूची नहीं आई, विद्यार्थी होते रहे परेशान

**इंदौर।** राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में प्रवेश को लेकर कालेज आवंटन की सूची आनी थी, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग देर शाम तक इसे जारी नहीं कर पाया। दिनभर छात्र-छात्राएं परेशान हुए। वहीं सूची को लेकर कालेज प्रबंधन भी मुख्यालय में संपर्क करते रहे। मगर अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके चलते विद्यार्थी अब सोमवार को कालेज में रिपोर्टिंग कर सकेंगे। उसके बाद ही आनलाइन फीस जमा होगी। विभाग की लापरवाही के चलते विद्यार्थियों के दो दिन खराब हो गए हैं।

बीएड-एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीएडएमएड, बीएबीएड, बीएससीबीएड, बीएलएड पाठ्यक्रम की 65 हजार सीटों के लिए प्रदेशभर में आनलाइन काउंसलिंग का दूसरा चरण चल रहा है। शनिवार को कालेज आवंटन सूची दोपहर 12 बजे जारी होनी थी, लेकिन शाम सात बजे तक सूची नहीं आई। इसे लेकर विद्यार्थी और कालेजों के सामने समस्या खड़ी हो चुकी है, क्योंकि काउंसलिंग शेड्यूल के मुताबिक 16 जून तक विद्यार्थियों को कालेजों में रिपोर्टिंग कर फीस जमा करनी है। 12 जून को रविवार




आने से विद्यार्थी कालेज में रिपोर्टिंग नहीं कर सकेंगे।

मुख्यालय ने बताई तकनीकी गड़बड़ी - अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय के संघ के पदाधिकारी गिरधर नागर, कमल हिरानी और रवि भदौरिया ने बताया कि कई बार मुख्यालय में संपर्क किया गया। वहां से तकनीकी गड़बड़ी बताई जा रही थी। आनलाइन काउंसलिंग के पहले चरण की आवंटन सूची में काफी विसंगति थी। विभाग ने कालेजों में अन्य जिलों के विद्यार्थियों को आवंटन दिया था। इसके चलते छात्र-छात्राओं ने प्रवेश नहीं लिया। पहला चरण खत्म होने के बाद पूरे प्रदेश में सिर्फ 12 हजार सीटें भर पाई थीं।

## ऑनलाइन वालेट से प्राप्त राशि भी रिटर्न में दिखाना है अनिवार्य

**इंदौर।** आजकल रिटर्न फाइलिंग के वक्त व्यक्ति अपने ऑनलाइन वालेट जैसे कि पेटीएम, गूगल पे, फोन पे और अन्य माध्यम से प्राप्त की गई राशि को टर्नओवर के रूप में नहीं दिखाता है। ऐसे कई मामले देखने में आते हैं जिनमें ऑनलाइन वालेट के माध्यम से काफी बड़ी राशि प्राप्त कर ली जाती है। रिटर्न भरते वक्त इन्हें बताना अनिवार्य है। ये बातें इंदौर सीए शाखा के अध्यक्ष आनंद जैन ने कहीं।इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट आफ इंडिया (आइसीएआइ) के विद्यार्थी समूह सेंट्रल इंडिया चार्टर्ड एकाउंटेंट्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन (सिकासा) ने सीए विद्यार्थियों के लिए टैक्स, ड्राफ्टिंग और दफ्तर व्यवहार विषय पर सेमिनार का आयोजन आइसीएआइ भवन में किया। सिकासा के अध्यक्ष सीए स्वर्णिम गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं। सीए विद्यार्थी सिकासा की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ सीए राजेश मेहता ने बताया कि जब भी कोई व्यक्ति अपना आयकर रिटर्न फाइल करता है तो उसे सभी बैंक खातों की जानकारी देना अनिवार्य है। आजकल विभिन्न स्रोतों से आयकर विभाग को जानकारियां प्राप्त हो जाती हैं जो कि एनुअल इंफर्मेशन स्टेटमेंट से चेक की जा सकती हैं। प्रापर्टी बेचने और खरीदने का ब्योरा भी रिटर्न में देना चाहिए। ऐसे भी कई मामले देखने में आते हैं जिनमें जीएसटी और आयकर रिटर्न में टर्नओवर का अंतर रहता हैं।



# Presidential polls | Nadda, Rajnath to consult with NDA, UPA and independents

BJP general secretary Arun Singh put out a statement to this effect adding that the two leaders will be starting the process of consultation very soon.

BJP on Sunday said that it has authorised party president J P Nadda and Defence Minister Rajnath Singh to hold consultations with NDA partners, UPA constituents and independent MPs with regard to presidential polls scheduled for July 18 (with results being declared on July 21).

BJP general secretary Arun Singh put out a statement to this effect on Sunday afternoon, adding that the two leaders will be starting the process of consultation very soon.




This comes not just after election commission's announcement of a schedule for the presidential polls, but also with West Bengal Chief Minister Mamata Banerjee writing to leaders of political parties and chief ministers for an opposition meeting at the Constitution Club in New Delhi on June 15 with a view to settling on a common nominee from the opposition table. Congress president Sonia Gandhi too had reached out to NCP leader Sharad Pawar for the same.

While the numbers situation with regard to electing the new President of India is in favour of the NDA, despite the alliance being in power in fewer states than before, the consultation process in both camps is for larger acceptance for their candidate.

A committee to consult with other parties had been set up even in 2017, when President Ram Nath Kovind was elected to the post. At that time, party president Amit Shah had authorised current Vice President of India, M Venkaiah Naidu (he was minister for urban development then), then home minister Rajnath Singh and the late Arun Jaitley (who was finance minister) to consult with various parties.

The BJP is anxious that not just its testy allies like the Janata Dal (U) but fence sitting parties like the Biju Janata Dal (which had supported Mr Kovind for president, but not Mr Naidu as vice president) and the YSRCP support the NDA nominee.

Incidentally, Education Minister Dharmendra Pradhan had already met with Bihar Chief Minister Nitish Kumar on the issue in early May.

## Yogi Adityanath Affect

# 300 plus arrests, bulldozers in action... silence on streets

Silence prevailed in most parts of Uttar Pradesh on Sunday following the stern action by Yogi Adityanath administration against the alleged rioters in the state. The Yogi Adityanath administration, using strong-arm tactics, arrested more than 300 riot accused from accused the state. The police also invoked the National Security Act against the accused who were allegedly indulged into damaging the property and arsoning. The illegal properties of at least three accused were raged - 1 in Prayagraj and two in Saharanpur.

Here are top updates on Adityanath administration:

1) The Uttar Pradesh Police has so far arrested over 300 people from eight districts of the state in connection with Friday's violence during protests against the controversial remarks of suspended BJP functionary Nupur Sharma on Prophet Mohammad.

2) Additional Director General of Police (Law and Order) Prashant Kumar said, "As many as 304 persons have been arrested from eight districts of the state, and 13 cases have been registered in this connection in nine districts of




the state." Elaborating further, Kumar said, "91 persons have been arrested in Prayagraj, followed by 71 in Saharanpur, 51 in Hathras, 34 each in Ambedkar Nagar and Moradabad, 15 in Firozabad, six in Aligarh and two in Jalaun."

3) Of the 13 cases, three cases each were registered in Prayagraj and Saharanpur, and one each in Firozabad, Ambedkar Nagar, Moradabad, Hathras, Aligarh, Lakhimpur Kheri and Jalaun, the senior officer said.

4) Accused's house demolished in Prayagraj: The Prayagraj Development Authority (PDA) on Sunday demolished the house of Javed Ahmad, alias Pump, the alleged mastermind of Friday's violence here, amid a heavy police deployment.

## CM Shri Chouhan plants Peepal, Saptaparni and Neem saplings

### Voluntary organisation and child artist also planted saplings

**Bhopal :** Chief Minister Shri Shivraj Singh Chouhan planted Peepal, Saptaparni and Neem saplings in Smart Garden Shyamala Hills today along with Smt. Rashmi Agarwal, member of Sanskar Sudha Foundation Bhopal, Sushri Yashasvi and child painting artist Sushri Riya Jain. Chief Minister Shri Chouhan also performed Shramdaan. Shri Chouhan received information about the activities of the Foundation, Bhopal.



Child painting artist Sushri Riya Jain told Chief Minister Shri Chouhan that she has also presented photographs to Prime Minister Shri Modi. Her paintings have been exhibited in other countries. Many organisations have honoured her. On the request of Sushri Jain to come to the Chief Minister's residence and present her paintings, she was invited to the CM residence. Some special artistic paintings will be presented by her to Chief Minister Shri Chouhan soon.

### Importance of Saptaparni

Among the saplings planted today, Saptaparni plant is an evergreen medicinal tree, which has great importance in Ayurveda. This plant is used in the manufacture of various medicines. Similarly, Neem rich in antibiotic elements is known as the supreme medicine. Peepal is a shady tree. It purifies the environment. It has religious and Ayurvedic significance.

# Children have natural talent, give them favorable conditions : CM Shri Chouhan

## Child Conservation Foundation celebrate Child Labor Prohibition Day

**Bhopal :** Chief Minister Shri Shivraj Singh Chouhan has said that every child has natural talent and potential. If we create favorable conditions for children, they can do wonders. Together we will make efforts to do better work, only then can good results come. Many people force children to become drug addicts. Chief Minister Shri Chouhan said that children should not beg, arrangements should be made for their education, clothes, food etc. The society along with the government will have to come forward in this direction so that children cannot be forced to be child laborers and they should be protected from being exploited. Better arrangements have to be made for their education and shelter. Chief Minister Shri Chouhan




was addressing the closing ceremony of the Child Labor Prohibition Day and the 100th webinar of the organization at the Noronha Academy of Administration, organized by the Child Conservation Foundation today.

Chief Minister Shri Chouhan said that I am pained to see children begging or pleading for food. The efforts of the government alone are not enough for the welfare of the children, the society should also join hands. If people get the right platform, then they leave no stone unturned. Chief Minister Shri Chouhan said that in Bhopal, I had come out with a hand cart for the children of Anganwadi. We got ten truck loads of commodities and also provided cheques worth Rs 1 crore 86 lakhs.

Chief Minister Shri Chouhan has said that it should not be so in child labor that children should not even do household work. It is wrong to make them slog. Do not exploit them. We should try to free children from exploitation. I am happy that our young children have the urge to work for the progress of the nation and society along with moving forward on their own. I am committed to build a bright future for my children.

In the program, the Sanstha President, Shri Raghavendra Sharma welcomed Chief Minister Shri Chouhan and other guests. Shri Sharma said that Chief Minister Shri Chouhan 's personality has the love of two mothers, due t which why he is the beloved maternal uncle of children. During this, Chief Minister Shri Chouhan also released Shri Sharma's book "Bharat Ke Anmol Ratna". A copy of the report of the seminar was also handed over to Chief Minister Shri Chouhan and he was felicitated. Chief Minister Shri Chouhan rewarded the talented girl Sushri Vatsala for her dance performance.

# Essay on Jhansi Ki Rani Lakshmibai



Rani Virangana Lakshmibai of Jhansi, who made Indian Vasundhara glad, was the ideal courageous woman in the genuine sense. The genuine legend is never terrified of complaints.

Enticements can't prevent him from playing out his obligations. She plans to be liberal and high, and her character is a model. She is consistently certain, devoted, self-regarding, and sincere to accomplish his consecrated reason.

**Birth of Rani Lakshmibai**

Lakshmibai's had a grand mother. Her maternal grand mother was the sister of Peshwa Rao. She grew up playing with him. He used to call her lovingly as Chhabili. Lakshmibai's dad's name was Moropant.

Also, her mom's name was Bhagirathi Bai. They were initially from Maharashtra. Lakshmibai was conceived on November 19, 1828 in Kashi. Also, Laxmibai was brought up in Bithoor.

Her mom kicked the bucket just when she was four to five wraps. Since adolescence, she has created characteristics like brave men because of playing with men, bouncing, shooting bolts, riding, and so forth. Bajirao Peshwa had ingrained a ton of adoration in Laxmibai's heart with her accounts of autonomy.

His dad was in the administration of Maratha Bajirao. After the destruction of the mother, there was nobody to deal with Manu in the house, so the dad took Rani Laxmi Bai with him to Bajirao's court. There Manu's inclination entranced everybody, and individuals began affectionately calling him "Chhabili."

Alongside the instructing of the sacred texts, Manu was likewise educated weapons. In 1842, Manu was hitched to Gangadhar Rao Nimbalkar, the ruler of Jhansi, and consequently, she turned into the sovereign of Jhansi and was renamed Laxmibai. In 1851, Rani Lakshmibai and Gangadhar Rao were honored with a child Ratna; however, she kicked the bucket at four years old months.

**Marriage of Lakshmibai**

In 1842 AD, Rani Laxmi Bai was hitched to Gangadhar Rao, the last Peshwa lord of Jhansi. After marriage, this Manubai and Chhabili began to be called Rani Laxmibai.

In this bliss, the royal residence was celebrated. The lights were lit from house to house. Following nine years of marriage, Lakshmibai brought forth a child; however, he kicked the bucket three months after his introduction to the world.

**Convention of Lapse and Jhansi of the British**

Under the state snatch strategy of Governor-General Dalhousie of British India, the British would not consider the kid Damodar Rao as the beneficiary to the Jhansi realm and chose to combine the Jhansi realm into the British Empire under the 'Convention of Lapse' strategy.

In any case, Rani Laxmibai accepted the counsel of the English legal advisor John Lang and recorded a suit in a London court, yet no choice could be taken against the British Empire, so it was dismissed after much discussion.

The British held onto the Jhansi realm depository and requested the obligation of Gangadhar Rao, spouse of Rani Lakshmibai, to be deducted from the yearly use of the sovereign. The British solicited Laxmibai to leave the post from Jhansi, after which Rani Laxmi Bai needed to go to Ranimahal.

On March 7, 1854, Jhansi was caught by the British. Rani Lakshmibai didn't lose mental fortitude and chose to secure Jhansi.

**Battle for Jhansi**

On February 27, 1854, Lord Dalhousie dismissed the appropriation of embraced child Damodar Rao under the strategy of reception and declared the merger of Jhansi into the English state.

After accepting the Political Agent data, the sentence ejected from Rani's mouth, 'I won't give my Jhansi.' On March 7, 1854, Jhansi was vanquished by the British. The Rani of Jhansi declined the annuity and began living in the royal residence of the city.

**Rani Lakshmibai Contribution in 1857 Battle**

The fire of revolt emitted in the individuals of India. May 31, 1857, the date for the execution of the unrest was composed efficiently and solidly everywhere on the nation.

However before that, the fire of unrest was lighted and on May 7, 1857, in Meerut and on June 4, 1857, in Kanpur, there was a tremendous uprising.

Kanpur, at that point, turned out to be completely free on June 28, 1857. The British leader, Sir Huroz, sorted out his military and attempted to smother the disobedience.

They caught Sagar, Garhkota, Shahgarh, Madanpur, Madkheda, Vanpur, and Talbehat and carried out merciless outrages. At that point, Jhansi Ki Rani Lakshmibai moved towards Jhansi and put her front in East and South in the plain of Camasan slope.

Rani Laxmi Bai was at that point careful, and the data of this war and her appearance had been gotten from King Mardan Singh of Kanpur. The memorable battle of Jhansi started on March 23, 1858.As indicated by the sets of the sovereign of Jhansi, the talented heavy armament specialist Ghulam Gauss Khan shot such shells that in the first run through the English armed force, sixes were missed.

For quite a while, the request for the war was difficult to run thusly. The sovereign withdrew Kalpi, following the solicitation of the bosses. She didn't stay there and quiet down.

She reached and examined Nana Saheb and his commendable leader Tatya Tope. The sovereign's boldness and fortitude were pressed, yet she followed the sovereign. Lakshmibai's pony was gravely harmed, and Veeragati was at long last gotten, yet Rani didn't surrender the fortitude and played out the courage.

In Kalpi, Maharani and Tatya Tope made arrangements and in the end, Nana Saheb, King of Shahgarh, King Mardansingh of Vanpur and so on upheld the sovereign. The sovereign assaulted Gwalior and claimed the stronghold there.

The festival of Vijayollas went on for a few days yet the sovereign was against it. This was not the ideal opportunity for Vijay, to combine his capacity and make the following stride.

**Death of Jhansi Ki Rani Laxmibai**

Since at that point, the sovereign went through the entirety of her time on earth in the battle and battles to spare Jhansi. They furtively began collecting their capacity against the British.

Seeing the chance, an English officer, thinking about the sovereign as a customary lady, assaulted Jhansi; however, the sovereign was sitting in the complete arrangement.

A furious fight followed in both. He cut the teeth of the British. At long last, Laxmibai had to escape. Rani Laxmibai Kalpi Pochi in Gwalior Jhansi Ki Rani Lakshmibai battled savagely against the British, yet she also went to paradise while battling.

**Ten lines on Jhansi Ki Rani Lakshmibai**

In 1842, she was hitched to the Maratha-controlled King Gangadhar Rao Navalkar of Jhansi, and she turned into the sovereign of Jhansi.

Jhansi turned into a significant focus of the 1857 war, where viciousness ejected.

Ali Bahadur II, a relative of Bajirao I, likewise upheld Rani Laxmibai and Rani Lakshmibai, sent him a rakhi.

Rani Lakshmibai and Gangadhar Rao were honored with a child Ratna.

Her youth name was Manikarnika was yet tenderly called Manu.

With Rani's demise, the agitators lost their fortitude, and Gwalior was caught by the British.

Rani Laxmi Bai fearlessly ensured Jhansi for seven days and battled the British courageously with her little outfitted power.

The British Government took an extremely severe position on kid appropriation by royal states and royal states.

The sovereign straightforwardly confronted the adversary and gave her boldness in a fight.

Without any help, she held Damodar Rao despite her good faith and rode on a horse, battling with the British.

**Conclusion**


Thus, Rani Laxmi Bai, as a lady, had exacerbated her condition by battling against the British like men and revealed to them that you are a lady enough for the British for the opportunity.

She kicked the bucket and got everlasting. What's more, the fire of opportunity additionally got everlasting. One occurrence of his life is as yet imparting to the Indians about development and advancement. I hope you liked this motivational and inspirational essay on Jhansi Ki Rani Laxmibai.

# COVID-19 | Virus cluster at nightclub sets off new Beijing clampdown

China has stuck to its "zero-COVID" policy requiring mass testing, quarantines and the sequestering of anyone who has come into contact with an infected person in concentrated locations where hygiene is generally poor.

China's capital has put school online in one of its major districts amid a new COVID-19 outbreak linked to a nightclub, while life has yet to return to normal in Shanghai despite the lifting of a more than two-month-long lockdown.



China has stuck to its "zero-COVID" policy requiring mass testing, quarantines and the sequestering of anyone who has come into contact with an infected person in concentrated locations where hygiene is generally poor.

A total of 166 cases have been linked to the Heaven Supermarket club in the downtown Gongti nightlife area after an infected person visited there on Thursday. Of those, 145 were customers, while the rest were staff or people with whom customers had later contact.

The entire area, along with the adjacent Sanlitun shopping and dining complex, was shut down until further notice. The outbreak prompted authorities in the sprawling Chaoyang district to put school back online, with the exception of students taking middle and high school placement exams. Sports gatherings in the city have also been put on hold. Chaoyang has ordered daily mass testing, with long lines forming and wait times of two hours or more.

In Shanghai, 502 people have been linked to three positive tests detected June 9 among patrons of the Red Rose Beauty Salon. The individuals involved come from 15 districts across the city of 25 million people, prompting the first large-scale restrictions since the lockdown was formally ended June 1.



# इंदौर के टेनिस खिलाड़ियों ने सोनीपत में जीते छह पदक

**इंदौर।** शहर के खिलाड़ियों ने आइपीएससी टेनिस स्पर्धा में कुल छह पदक अपने नाम किए। सोनीपत में खेले गए टूर्नामेंट की अंडर-14 और अंडर-17 टीम चैंपियनशिप में डेली कालेज के खिलाड़ियों ने रजत पदक जीता। 14 वर्ष आयु एकल में विवान बिदासरिया ने रजत, शौर्य खंडेलवाल ने कांस्य, 17 वर्ष में रेहान मलिक व 19 वर्ष में शिखर वाधवानी ने कांस्य पदक हासिल किया।

## कुणाल, मुस्कान और आयुष को स्वर्ण पदक

**इंदौर।** कुणाल आदिवाल, मुस्कान चौहान और आयुष कोचले ने राज्य स्तरीय कराते स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भोपाल में खेली गई स्पर्धा में जाह्नवी जोशी व करण गोस्वामी ने रजत पदक जीते। हर्ष यादव, सार्थक यादव, स्नेहा नरवले, वंश नरवले, रुचि श्रीवास्तव, कार्तिक नागदा, स्वराज गौतम, साराह बाथम, हिमांशी सोलंकी, माही रघुवंशी, दिव्यांशी विश्वकर्मा, अक्षय भट्ट व सिद्धी अलेकर ने कांस्य पदक हासिल किए।

# कोरोना काल में जल, वायु और ध्वनि प्रदूषण में कमी आई, हर क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलाव

**इन्दौर।** पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से काम कर रही सामाजिक संस्था 'सेवा सुरभि' ने आज सुबह साउथ तुकोगंज क्षेत्र की एक निजी होटल में कोरोना काल के सकारात्मक बदलावों पर तो शहर के पर्यावरणविदों, प्रबुद्धजनों और मीडियाकर्मियों को आमंत्रित कर चर्चा तो की ही, आने वाले समय में इसके परिणामों पर भी विचार-मंथन किया। अधिकांश वक्ताओं का मानना था कि कोरोना काल में जल, वायु और ध्वनि प्रदूषण कम हुआ, लोगों में योग और ध्यान के प्रतिर रूचि बढ़ी, अपराधों में कमी आई, वाहन दुर्घटनाएं कम हुई। ऑनलाइन लेन-देन का प्रचलन बढ़ा, बिजली के साथ सौर ऊर्जा का भी इस्तमाल बढ़ा, नदियों का पानी अधिक साफ नजर आया और लोगों ने जंगली जानवरों को भी शहरों के करीब देखा।

इस परिचर्चा का शुभारंभ भी अनूठे अंदाज में हुआ जब पद्मश्री जनक पलटा और शहर के गांधीवादी विचारक अनिल त्रिवेदी तथा अन्य पर्यावरणविदों ने गमले में रखे एक पौधे को लोटे से जल देकर





किया। विषय प्रवर्तन किया पर्यावरणविद डॉ. ओ.पी. जोशी ने। उन्होंने कहा कि कोरोना काल एक ओर मानवीय स्वरूप का दर्दनाक चेहरा था, वहीं दूसरी ओर अनेक सकारात्मक बातें भी सामने आई। नदी-नालों का पानी साफ हुआ, कार्बन का कम उत्सर्जन हुआ, शोर में कमी आई, लेकिन इसके बावजूद अंतर्राष्ट्रीय सर्वे में पर्यावरण के मामले में भारत की बुरी स्थिति है, जिसे सुधारने की जरुरत है। इंजीनियर संदीप नारुलकर ने कहा कि उस दौर में मीडिया ने नकारात्मक खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर बताया, लेकिन उसी मीडिया ने सकारात्मक खबरों और चित्रों को भी प्राथमिकता से जगह दी। यूरोपीय देशों के मुकाबले भारत में कोरोना से कम मौतें हुई, जबकि भारत की आबादी वहीं से कई गुना अधिक है। यह भी एक सकारात्मक तथ्य है। बीते वर्षों में हमारा पर्यावरण कितना बेहतर था, इसका उदाहरण यह है कि कोरोना काल में हमने बायपास से देवास की टेकरी देखी और एमआर 10 से पवन चकियां भी देखी। मुजफ्फर नगर के कलेक्टर के बंगले से सबसे ऊंचा पर्वत माउंट एवरेस्ट नजर आया और उन्होंने ही सर्वे आफ इंडिया को इस पर्वत का बारे में बताया। पद्मश्री जनक पलटा ने कहा कि आपदा काल में लोगों की संवादनाएं बढ़ीं। स्वयं मैंने ढेरो प्रार्थनाएं कंठस्थ की और खुद को ईश्वर के नजदीक पाया। मेरी संस्था ने 65 टीकाकरण केन्द्रों पर 28 हजार पौधे वितरित किए। एक बालिका तो ऐसी मिली, जिसने दो वर्षों से फूल तक नहीं देखे थे।

## आदर्श आचरण संहिता में छूट का प्रस्ताव, शासन स्तर से आने पर ही होगा विचार

**इंदौर।** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने कहा है कि त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन-2022 के कारण प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता में छूट के प्रस्ताव मध्यप्रदेश शासन (विभाग) स्तर से प्राप्त होने पर ही उस पर आयोग द्वारा विचार किया जायेगा। शासन स्तर के अतिरिक्त अन्य कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

श्री सिंह ने कहा है कि सभी विभाग आदर्श आचरण संहिता के प्रावधानों का अध्ययन कर लें। आचरण संहिता के प्रावधानों में स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर ही विशिष्ट आकस्मिकता की स्थिति में आयोग को छूट का प्रस्ताव भेजें।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन से इस जानकारी से विभागों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टर्स एवं जिला अधिकारियों को अवगत कराने का अनुरोध किया है।

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 152 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन

**इन्दौर।** शिवोदया वेलफेयर सोसायटी की ओर से आनंद नगर चितावद स्थित आनंद परिसर में अग्रसेन महासभा के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच एवं आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। विधायक आकाश विजयवर्गीय ने दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। सोसायटी की प्रमुख भावना नितिन अग्रवाल ने बताया कि शंकरा नेत्र हास्पिटल के सहयोग से शिविर में 310 मरीजों का परीक्षण कर उनमें से 152 मरीजों का चयन मोतियाबिंद आपरेशन के लिए किया गया। इस अवसर पर मृदुल अग्रवाल, महासभा के अध्यक्ष राजेश बंसल पंप, जगदीश बाबाश्री, अरुण आष्टावाले, अजय आलूवाले, प्रमोद बिंदल सहित बड़ी संख्या में सहयोगी बंधु उपस्थित थे। अंत में भावना नितिन अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि सोसायटी द्वारा यह सातवां निःशुल्क नेत्र शिविर था। अब तक 950 से अधिक मरीजों का चयन मोतियाबिंद आपरेशन के लिए किया गया है, जिनके आपरेशन शंकरा आई हास्पिटल में प्रख्यात नेत्र चिकित्सकों द्वारा लगातार किए जा रहे हैं।






# विश्व बाल श्रम विरोध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**इंदौर।** विश्व बाल श्रम विरोध दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में एचडी वायर सेक्टर ई सांवेर रोड इंदौर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप श्रम आयुक्त श्री एल.पी. पाठक, सहायक श्रम आयुक्त श्रीमती मेघना भट्ट, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति श्रीमती पल्लवी पोरवाल, जिला अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिग्विजय सिंह, डायरेक्टर एच डी वायर श्री दिलीप देव, महिला एवं बाल विकास विभाग के श्री भगवानदास साहू, बैंक अधिकारी श्री धाकड एवं चाइल्डलाइन सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई। चाइल्ड लाइन के बालकों द्वारा बाल श्रम के सम्बन्ध में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण किया गया कि वह बाल श्रम के संबंध में आम जनता एवं व्यापारियों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में सभी से बाल श्रम उन्मूलन के लिए पोस्टर पर हस्ताक्षर करवाए गए। कार्यक्रम का संचालन श्रम निरीक्षक श्री रविंद्र दुबे द्वारा किया गय। अंत में श्रीमती मेघना भट्ट द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# निकाय चुनाव में कमलनाथ की गाइडलाइन ने बढ़ाया भाजपा का सिरदर्द

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में होने जा रहे निकाय चुनाव को लेकर पहले प्रत्याशी चयन में कांग्रेस ने भाजपा से बाजी मारकर अपनी रणनीति से भाजपा को अचरज में डाल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने गाइडलाइन जारी की है, कि निकाय चुनाव में कोई भी नेता अपने वार्ड से ही पार्षद का चुनाव लड़ेगा,पूर्व पार्षद और कार्यकर्ता किसी दूसरे के वार्ड में सेंध नहीं लगाएगा। इस गाइडलाइन के मायने देखें तो यह भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी । कांग्रेस के महापौर प्रत्याशियों के लिए भी लड़ाई आसान होगी। पार्षद पद के प्रत्याशी अगर खुद के क्षेत्र से होंगे तो वे अपने लिए तो काम करेंगे ही, महापौर पद के प्रत्याशी की जीत की राह को भी आसान बनाएंगे। कांग्रेस इस बात को समझ रही थी कि अगर पार्षद के प्रत्याशियों ने वार्ड बदला तो न सिर्फ इससे गुटबाजी को हवा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में नेताओं में कटुता भी बढ़ेगी। चूंकि, निकाय चुनाव को 2023 का सेमीफाइनल माना जा रहा है, इसलिए कमलनाथ भाजपा को कोई मौका नहीं देना चाहते, जिससे उसे कांग्रेस को घेरने का मौका मिले और जनता के बीच गलत संदेश जाए।



कांग्रेस नगरीय निकाय चुनावों में जीत दर्ज करने के लिए प्लान तैयार कर चुकी है। छोटे शहरों के चुनाव में बड़ी जीत की उम्मीद लगाई हुई कांग्रेस इस बार यह मौका अपने हाथ से नही जाने देना चाहती है। जिसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और पीसीसी चीफ कमलनाथ इन चुनावों को गंभीरता से लेते नेताओं के लिए गाइडलाइन जारी की है। निकाय चुनाव मध्य प्रदेश में कांग्रेस के लिए अस्तित्व की जंग से कम नहीं है। निकाय चुनाव के परिणाम का असर 2023 में होने वाले विधानसभा के चुनाव के साथ-साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं के मनोबल पर भी असर डालेगा।

नगर निकाय चुनावों में जीत की तैयारी में लगी कांग्रेस अपने पुराने फॉर्मूले पर उतरी है। जिस तरह 2018 में पार्टी ने सर्वे करवा कर उम्मीदवारों का चयन किया था ठीक वहीं फार्मूला कांग्रेस ने इस बार निकाय चुनाव में आजमाया है। महापौर पद के लिए ऐसे चेहरों को मैदान में उतरा है, जो न सिर्फ अपने क्षेत्र में ताकतवर हैं, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच से हैं। अब तक के निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी चयन के आधार पर जीत दर्ज करती आई है। कांग्रेस अपने सटीक प्रत्याशी चयन न हो पाने की वजह से निगम गंवाती रही है। लेकिन इस बार हालत बदले हैं। कांग्रेस ने ऐसे प्रत्याशी दिए हैं जो अपने वार्ड में अधिकांश मतदाताओं की पंसद है। कांग्रेस उम्मीदवार सिर्फ भाजपा को बराबरी की टक्कर देंगे, बल्कि चुनाव को भी कड़े मुकावले के साथ जीत में बदलेंगे।

# आधा दर्जन जिलों में हुई झमाझम बारिश, बिजली गिरी, तीन की मौत

**भोपाल। प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में शनिवार को झमाझम बारिश हुई। वहीं राजधानी सहित कई अन्य जिलों में तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई। गर्मी परेशान लोगों को बौछारें पडने से राहत मिली। बारिश होने से फिजां में गर्म हवा के थपेडों की जगह ठंडी बयारों ने ले ली। पसीना बहा रहे लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। निवार को मालवा-निमाड़ के अधिकांश क्षेत्रों में प्री मानसून की बारिश हुई।**



खंडवा, खरगोन, धार, मंदसौर सहित इंदौर में अच्छी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं खंडवा में बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे तीन लोगों की मौत हो गई। इंदौर में रात 8 बजे बाद गरज-चमक के साथ शुरू हुई झमाझम बारिश ने शहर की सड़कों को लबालब कर दिया। इससे लोगों को उमस से भी निजात मिली। इंदौर में प्री मानसून की पहली ही बारिश में कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। वहीं खंडवा में आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत हो गई है। बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने का सिलसिला जारी है। उधर मध्य प्रदेश में भी मानसून पूर्व की गतिविधियों में तेजी आने लगी है। जिसके चलते गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने लगी हैं। शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक नर्मदापुरम में छह, रायसेन में दो, खरगोन में एक, भोपाल में 0.4 मिलीमीटर बारिश हुई। सागर में बूंदाबांदी हुई। सबसे अधिक 45 डिग्री सेल्सियस तापमान ग्वालियर, सीधी एवं राजगढ़ में रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार को भी भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन संभागों के जिलों में बारिश होने की संभावना है। मध्य प्रदेश में एक सप्ताह में मानसून दस्तक दे सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा के अनुसार, हवाओं में नमी बढ़ने से बादल छाने लगे हैं। इससे तापमान में कुछ गिरावट होने लगी है। शनिवार को भोपाल, इंदौर, जबलपुर में अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गई, जबकि ग्वालियर में दिन का तापमान बढ़ा। भोपाल में दोपहर के बाद बादल छाने लगे थे। दोपहर करीब तीन बजे 44 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चलीं। इस दौरान बैरागढ़ क्षेत्र में बौछारें भी पड़ीं। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला के अनुसार, अरब सागर में बना ऊपरी हवा का चक्रवात वर्तमान में गुजरात से लेकर कर्नाटक तक अपतटीय ट्रफ के रूप में बदल गया है। उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से लेकर असम तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। एक पश्चिमी विक्षोभ अभी भी उत्तर भारत में मौजूद है। एक अन्य कमजोर पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास बना हुआ है।

नम हवाओं के कारण मप्र में रविवार से मानसून पूर्व की गतिविधियों में और तेजी आ सकती है।खंडवा के पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि ग्राम आरूद में शनिवार को केवलराम पटेल के खेत में बिजली गिरी। बिजली की चपेट में आने से खेत मालिक केवलराम पटेल (38 वर्ष) और उनके साथ काम कर रहे मजदूर अखिलेश पुत्र ईशर (35) निवासी हीरापुर व प्रद्युमन (35) निवासी पांडरला की मौत हो गई। घटना शाम करीब सात बजे की है। खेत में कीचड़ होने से शवों को बाहर लाने में मशक्कत करना पड़ी।

### गधों का मुल्क बनता जा रहा पाकिस्तान!

# चीन में है भारी डिमांड, कंगाली दूर करने के लिए निर्यात कर कमा रहा पैसे

इस सप्ताह जारी वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए पाकिस्तान के आर्थिक सर्वेक्षण में अन्य पशुओं के अलावा गधों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए कृषि और पशुधन को प्राथमिकता देता रहा है। इसी कड़ी में गधों का चीन को निर्यात करना एक बड़ा हिस्सा है। जानवर इतना महत्वपूर्ण है कि 2021 में पाकिस्तान की हिट एनिमेटेड फिल्म द डोंकी किंग चीन में रिलीज हुई थी। यह राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है- जबकि पिछले साल गधों की संख्या बढ़ी, इमरान खान सरकार को नेशनल असेंबली के बजट सत्र में कड़े विरोध का सामना करना पड़ा, जिसमें राजनीतिक नेताओं ने 'गधा राजा की सरकार नहीं चलेगी' के नारे लगाए थे।

**हर साल बढ़ रहे एक लाख गधे-** ताजा सर्वे के मुताबिक, 2021-2022 में पाकिस्तान में गधों की आबादी बढ़कर 5.7 मिलियन हो गई। पिछले वित्त वर्ष



2020-21 में गधों की संख्या बढ़कर 56 लाख थी। इसी के साथ पाकिस्तान ने गधों की आबादी में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश होने का गौरव बरकरार रखा है। लिहाजा गधों की बढ़ती तादाद से निपटने के लिए पाकिस्तान चीन को गधे निर्यात करेगा।

**चीन में पाकिस्तानी गधो की बढ़ी डिमांड-** पाकिस्तान के चीन को गधों की एक्सपोर्ट करने वाली एक हैरान करने वाली बात सामने आई है। खबरों के अनुसार चीन में पाकिस्तानी गधों की भारी डिमांड है। चीन इन्हें भारी दाम देकर खरीदता भी है। एक समझौते के अनुसार, पाकिस्तान चीन को हर साल 80 हजार गधों को भेजता है। जिनका उपयोग मांस और कई अन्य काम के लिए किया जाता है।

# कोरोना ने तोडी निजी स्कूलों की कमर, सैकडों स्कूल हुए बंद

**भोपाल।** वैश्विक महामारी कोरोना ने आर्थिक रूप से हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। कोरोना महामारी से शिक्षा का क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा है। कोरोना काल के दौरान राजधानी में सैकडों की संख्या में निजी स्कूलों पर ताला लटक गया। वहीं आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले हजारों की संख्या में बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए। कोविड काल में आर्थिक रूप से कई निजी स्कूल बदहाल हो गए। यहां तक कि कई बंद हो गए। स्कूल शिक्षा विभाग ने एक हजार से ज्यादा ऐसे निजी स्कूलों को चिन्हित किया है, जो किन्हीं कारणों से बंद हो गए हैं। इन स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत 25 फीसद सीटों पर गरीब परिवार के करीब 10 हजार बच्चों को प्रवेश दिया गया है। अब पिछले सत्र में स्कूल बंद होने से इस सत्र में बच्चों का भविष्य संकट में आ गया है। इसमें सबसे अधिक उज्जैन, छतरपुर, ग्वालियर व विदिशा जिले में निजी स्कूल शामिल हैं। वहीं भोपाल के 38 स्कूल बंद हो गए हैं। इसमें 132 बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो गए हैं। वहीं राज्य शिक्षा केंद्र सत्र 2022-23 के लिए आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू करेगा। इस सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 जून से शुरू की जाएगी। इस बार भी आवेदन से लेकर दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया आनलाइन संपन्?न होगी। इन स्कूलों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने शासन को प्रस्ताव भेजकर अनुमति ले ली है। इस साल आरटीई में इन बच्चों को शामिल होने का मौका मिलेगा। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस का कहना है कि प्रदेश के 1100 से अधिक स्कूल बंद होने से करीब दस हजार बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए है। इनमें से नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को इस साल आरटीई के तहत लाटरी प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। उन्हें पहली प्राथमिकता से प्रवेश दिए जाएंगे। वहीं दूसरी से आठवीं कक्षा वाले बच्चों के लिए भी निर्णय लेंगे। इस बारे में प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सिंह का कहना है कि कोविड काल में बच्चों की फीस मिली नहीं। साथ ही आरटीई के तहत करीब तीन साल से फीस का भुगतान नहीं किया गया है। यही कारण है कि प्रदेश के करीब 1100 स्कूल आर्थिक तंगी के कारण बंद हो गए।

# WTO की बैठक के बाद बोले पीयूष गोयल, दूसरे के दृष्टिकोण का करता हैं सम्मान, कोई भी मोदी सरकार को किसी मुद्दे पर नहीं कर सकती मजबूर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में 12 वें विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। पांच साल के अंतराल के बाद ये बैठक स्विजरलैंज के जिनेवा में हुई। जहां स्विस शहर में 12 वीं विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की मंत्रिस्तरीय बैठक के मौके पर, पीयूष गोयल ने डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक, नोगोजी ओकोंजो के साथ बातचीत की। केंद्रीय मंत्री ने खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टॉकहोल्डिंग के स्थायी समाधान की संभावनाओं से संबंधित चर्चा की।



जिनेवा में जी33 मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के बाद केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हमने सतत विकास लक्ष्यों के मूलभूत सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए अपना पक्ष रखा है। हमने बैठक में विकासशील और अविकसित देशों की भी चिंता जताई है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की ओर से डब्ल्यूटीओ में ट्रिप्स प्रस्ताव दिया, जो गरीब और विकासशील देशों को कोरोना वैक्सीन मुहैया कराने के संबंध में है। लेकिन कुछ फार्मा कंपनियां और विकसित देश प्रस्ताव को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहते हैं। जिनेवा में जी33 मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, 'पृथ्वी पर कोई भी शक्ति मोदी सरकार को किसी भी मुद्दे पर मजबूर नहीं कर सकती है।' हम अन्य देशों के दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं। मंत्री ने कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' (दुनिया एक परिवार है) का पालन करता है। उन्होंने कहा, 'हमने सतत विकास लक्ष्यों के मूलभूत सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए अपना पक्ष रखा। हमने विकासशील और अविकसित देशों की चिंता को उठाया।

**इन मुद्दों पर होगा तीन दिवसीय सत्र-** 13 जून को विषयगत सत्र शुरू होंगे। ये ट्रिप्स छूट प्रस्ताव और विश्व व्यापार संगठन की महामारी और भविष्य की महामारियों की प्रतिक्रिया के साथ शुरू होगा। दूसरा सत्र खाद्य सुरक्षा को लेकर है।

# पंजाबी गायक सिद्धू मूसे वाला की हत्या में शामिल छह शूटरों की पहचान की गयी

**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसे वाला की हत्या में शामिल छह शूटरों की पहचान कर ली गयी है। इस बीच मूसे वाला हत्याकांड को लेकर लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ करने के लिए पुणे पुलिस दिल्ली पहुंच गई है। सिद्धू मूसे वाला की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की हिरासत में मौजूद बदमाश लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ करने के लिए पुणे देहात पुलिस की एक टीम दिल्ली पहुंची है। बिश्नोई को मूसे वाला की हत्या के मामले में मुख्य साजिशकर्ता कहा जा रहा है। पुणे में एक अधिकारी ने बताया कि पूछताछ का उद्देश्य मूसे वाला हत्याकांड के आरोपी और बिश्नोई गिरोह के सदस्य संतोष जाधव के ठिकाने के बारे में कुछ सुराग हासिल करना है, जो फिलहाल फरार है।बिश्नोई फिलहाल दिल्ली पुलिस की हिरासत में है। बुधवार को दिल्ली पुलिस ने कहा था कि मूसलेवाला हत्या मामले में बिश्नोई मुख्य साजिशकर्ता है। पुणे देहात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''दो अधिकारियों की एक टीम दिल्ली गई है, जहां वह दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ से मिलकर बिश्नोई से पूछताछ करेगी। हम जाधव के ठिकाने का पता लगाने के लिए बिश्नोई से पूछताछ करना चाहते हैं, जो उस गिरोह का एक सदस्य है।'' जाधव की पहचान मूसेवाला हत्याकांड में एक शूटर के तौर पर हुई है। वह पुणे में भी हत्या के एक मामले में आरोपी है। इस मामले में पुलिस ने उसके खिलाफ मकोका लगाया है। अधिकारी ने बताया कि जाधव के ठिकानों की जानकारी लेने के अलावा पुणे देहात पुलिस यह भी जानना चाहती है कि क्या महाराष्ट्र का कोई अन्य युवक भी बिश्नोई गिरोह में शामिल है? उन्होंने कहा कि दिल्ली की टीम के अलावा तीन और टीमों को जाधव का पता लगाने के लिए भेजा गया है।इस बीच पंजाब पुलिस की एक टीम पुणे देहात पुलिस मुख्यालय पहुंची। यह टीम मूसेवाला हत्याकांड के मामले में बिश्नोई गिरोह के एक अन्य कथित सदस्य 'महाकाल' उर्फ सिद्धेश काम्बले से पूछताछ करेगी, जो स्थानीय पुलिस की हिरासत में है। जाधव को आश्रय देने के आरोप में काम्बले पुणे देहात पुलिस को वांछित था।





# इस्लामोफोबिया की घटनाओं पर पीएम तोड़ें चुप्पी-थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा कि यह विडंबना है कि भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में इस्लामिक देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए 'प्रभावशाली कदम' उठाए, लेकिन अभद्र भाषा के प्रसार से उन संबंधों को गंभीर खतरा है। एक साक्षात्कार में कांग्रेस सांसद ने कहा कि पीएम मोदी को देश में इस्लामोफोबिक घटनाओं पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए क्योंकि कुछ लोगों द्वारा उनकी चुप्पी की व्याख्या की जा रही है कि क्या हो रहा है। कांग्रेस नेता की ओर से पूर्व भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा की पैगंबर मुहम्मद पर टिप्पणी पर भारत को मुस्लिम देशों से भारी प्रतिक्रिया का सामना करने के बाद यह टिप्पणी आई है। शशि थरूर ने कहा कि किसी भी और सभी अपराधियों के खिलाफ अनुकरणीय कार्रवाई का भविष्य में ऐसे मामलों को कम करने में लाभकारी प्रभाव पड़ेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने देश में ईशनिंदा कानूनों की आवश्यकता पर चल रही बहस की भी बात की और कहा कि वह ऐसे कानूनों को पसंद नहीं करते क्योंकि दूसरे देशों में इन कानूनों का इतिहास इसके दुरुपयोग के मामलों से भरा पड़ा है। थरूर ने कहा, ईशनिंदा कानून से उन लोगों को मनगढ़ंत मुकदमेबाजी और लोगों को बहकाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है, जो कानून को अपने हाथ में लेते हैं।शशि थरूर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे वर्तमान अभद्र कानून और धारा 295 ए इस तरह के दुर्व्यवहार से निपटने के लिए पर्याप्त हैं।

**आत्मनिर्भर भारत**

# 114 लड़ाकू विमान खरीदेगी वायुसेना 96 का भारत में ही होगा निर्माण

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा आत्मानिर्भर भारत योजना के तहत रक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सैन्य योजना हो अमली जामा पहनाए जाने पर काम हो रहा है। जिसके तहत भारतीय वायु सेना 114 लड़ाकू जेट खरीदने की योजना बन रही है। जिसमें से 96 का निर्माण भारत में ही होगा। जबकि शेष 18 विदेशी विक्रेता से आयात किए जाएंगे। भारतीय वायु सेना की 'बाय ग्लोबल एंड मेक इन इंडिया' योजना के तहत 114 मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट (ऐंईं) प्राप्त करने की योजना है, जिसके तहत भारतीय कंपनियों को एक विदेशी विक्रेता के साथ साझेदारी करने की अनुमति होगी। सरकारी सूत्रों ने एएनआई को बताया कि हाल ही में भारतीय वायु सेना ने विदेशी विक्रेताओं के साथ बैठक की और उनसे मेक इन इंडिया परियोजना को अंजाम देने के तरीके के बारे में पूछा। सूत्रों ने बताया कि योजना के मुताबिक शुरुआती 18 विमानों के आयात के बाद अगले 36 विमानों का निर्माण देश के भीतर किया जाएगा और भुगतान आंशिक रूप से विदेशी मुद्रा और भारतीय मुद्रा में किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि अंतिम 60 विमान भारतीय साझेदार की मुख्य जिम्मेदारी होगी और सरकार केवल भारतीय मुद्रा में भुगतान करेगी। सूत्रों ने कहा कि भारतीय मुद्रा में भुगतान से विक्रेताओं को परियोजना में 60 प्रतिशत से अधिक 'मेक-इन-इंडिया' सामग्री हासिल करने में मदद मिलेगी। बोइंग, लॉकहीड मार्टिन, साब, मिग, इरकुत कॉर्पोरेशन और डसॉल्ट एविएशन सहित वैश्विक विमान निर्माताओं के निविदा में भाग लेने की उम्मीद है।



**संजय राउत का केंद्र सरकार पर हमला**

# 2 दिन के लिए ईडी हमें दे दो फडणवीस भी शिवसेना को वोट करेंगे

**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि अगर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का नियंत्रण उनकी पार्टी को दे दिया जाता है, तो भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस भी शिवसेना के पक्ष में मतदान करेंगे। राउत की प्रतिक्रिया महाराष्ट्र में शुक्रवार को राज्यसभा की छह सीट के लिए हुए चुनाव में छठी सीट पर शिवसेना प्रत्याशी संजय पवार की हुई हार की पृष्ठभूमि में आई है। इस सीट पर लड़ाई भाजपा और शिवसेना के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई थी। महाराष्ट्र में राज्यसभा की छठी सीट पर भाजपा के धनंजय महाडिक को मिली जीत का श्रेय विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष फडणवीस को दिया जा रहा है। महाडिक ने राज्यसभा की छठी सीट के लिये हुए चुनाव में शिवसेना के संजय पवार को हराया। चुनाव से पहले राउत ने आरोप लगाया था कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल निर्दलीय और छोटे दलों पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव बनाने में कर रही है।

कुछ निर्दलीयों और छोटे दलों ने शिवसेना को समर्थन देने का वादा किया था, लेकिन भाजपा प्रत्याशी की जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। राउत ने संवाददाताओं से रविवार को बतचीत करते हुए कहा, ''अगर ईडी का नियंत्रण दो दिनों के लिए हमें दे दिया जाता है, तब देवेंद्र फडणवीस भी हमारे लिए मतदान करेंगे।'' शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने महाराष्ट्र में भाजपा को राज्यसभा की तीन सीट पर मिली जीत को शनिवार को ''खरीद-फरोख्त के जरिये हासिल विजय''करार दिया था। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर भी विपक्षी पार्टी (भाजपा) का पक्ष लेने का आरोप लगाया था। उन्होंने भाजपा परनिर्वाचन आयोग पर दबाव डालने का आरोप लगाया था। राउत ने कहा, '' कुछ घोड़े ऊंची कीमत पर बिक्री के लिए थे, जिन्होंने हमारे प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का वादा करने के बावजूद पाला बदल लिया।''





# भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के लिए सरकार ने जारी किए नए दिशानिर्देश

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए, इसमें बच्चों को लक्षित करने और उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए मुफ्त दावे करने वाले विज्ञापन शामिल हैं। दिशानिर्देशों में कहा गया कि विज्ञापन जारी करने से पहले उचित सावधानी बरती जाए। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नए दिशानिर्देशों में 'सरोगेट' विज्ञापनों पर भी रोक लगाई गई है और विज्ञापन दिखाते समय किसी उद्घोषणा में अधिक पारदर्शिता लाने की बात कही गई है। ये दिशानिर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हुए हैं। 'सरोगेट' विज्ञापन छद्म विज्ञापन होते हैं, जो किसी अन्य उत्पाद का प्रचार करते हैं। जैसे सोडा वाटर के बहाने शराब का प्रचार करना या इलायची के बहाने गुटखा का प्रचार करना। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इन दिशानिर्देशों की घोषणा कर हुए कहा, विज्ञापनों में उपभोक्ता काफी दिलचस्पी लेते हैं। सीसीपीए अधिनियम के तहत, उपभोक्ताओं के अधिकारों को प्रभावित करने वाले भ्रामक विज्ञापनों से निपटने का प्रावधान है।''उन्होंने कहा,''...लेकिन उद्योग को अधिक स्पष्ट और जागरूक बनाने के लिए, सरकार आज से निष्पक्ष विज्ञापन के लिए दिशानिर्देश लेकर आई है।

ये दिशानिर्देश प्रिंट, टेलीविजन और ऑनलाइन जैसे सभी मंचों पर प्रकाशित विज्ञापनों पर लागू होगा। नए दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (सीसीपीए) के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



# कोरोना संक्रमित सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में हुईं भर्ती

नई दिल्ली। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें इलाज के लिए दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाल ही में उन्हें कोरोना हुआ था। जिसके बाद सोनिया गांधी ने खुद को होम आइसोलेट किया था। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोनिया गांधी की सेहत संबंधित जानकारी देते हुए ट्वीट करते हुए बताया कि कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को कोविड से संबंधित दिक्कतों के चलते आज गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। है। उनका कहना है कि उनकी हालत स्थिर है और उन्हें अस्पताल में निगरानी के लिए रखा जाएगा।कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को आज कोविड से संबंधित समस्याओं के कारण गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी हालत स्थिर है और उसे निगरानी के लिए अस्पताल में रखा जाएगा।



मुद्रक एवं प्रकाशक संजय अग्रवाल द्वारा गोल्ड कॉइन सेवा ट्रस्ट के पक्ष में राजा ऑफसेट प्रिंटर्स, 863/9, नेहरू नगर, इंदौर ( म.प्र. ) से मुद्रित तथा 54-55, चाणक्यपुरी, अन्नपूर्णा रोड, इंदौर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक : संजय अग्रवाल* ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )